दयालबाग एजुकेशनल इन्स्टीट्यूट
दयालबाग, आगरा–282005

अधिसूचना

समस्त छात्रों को अवगत कराया जाता है कि वे अपने आन्तरिक मूल्यांकन (Internal Evaluation) के समस्त घटकों (Components) के अन्तर्गत प्रदत्त अंकों का अवलोकन समय–समय पर सजगता के साथ ध्यानपूर्वक करते रहें और सेमेस्टर/मॉड्यूल की अवधि समाप्ति से पूर्व अध्यापकों के द्वारा समस्त घटकों में प्रदत्त अंकों की समेकित सूची (Consolidated List) जो कि ऑन/ऑफ लाईन दोनों प्रारूपों पर छात्रों के अवलोकनार्थ उपलब्ध रहती है, का भली भाँति अध्ययन करें। इसके उपरान्त कोई त्रुटि छात्रों के संज्ञान में आती है तो संबंधित अध्यापक से सम्पर्क स्थापित कर उस त्रुटि का निराकरण अपने स्तर पर ऑफ लाईन प्रदर्शित सूची के दिनांक से 10 दिनों के अन्दर अवश्य कर लें अन्यथा इस अवधि के कालातीत (Lapse) होने के पश्चात् छात्रों की अंकों संबंधी त्रुटि के निवारण हेतु किसी भी अनुरोध को स्वीकार्य नहीं किया जायेगा, जिसके लिए छात्र स्वयं ही उत्तरदायी होंगे।

यदि किसी अध्यापक के द्वारा आन्तरिक मूल्यांकन (Internal Evaluation) के सभी घटकों (Components) के अंक प्रदर्शित नहीं किये जाते हैं तो इसकी सूचना छात्रों द्वारा निम्नांकित दो ई–मेलस् (Emails) पर दी जा सकती है, जिसे पूर्णतः गोपनीय रखा जाएगा :–

1. controllerexams.dei@gmail.com
2. gursewaksinghexam@gmail.com

परीक्षा नियंत्रक

पत्रांकः DEI/Exam/Circular — दिनांकः– 20-Oct-2020

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि उपरोक्त अधिसूचना को व्यापक प्रसार के साथ समस्त छात्रों तक किसी भी माध्यम से पहुँचाने की कृपा करें।

1. समस्त संकाय प्रमुख व अन्य डीनस्
2. प्रधानाचार्य डी0 ई0 आई0 पी0 वी0/आर0 ई0 आई0/ टी0 सी0
3. समस्त विभागाध्यक्ष
4. चीफ प्रोक्टर
5. श्री मनीष, सिस्टम इंजीनियर को इस आशय से प्रेषित है कि उपरोक्त अधिसूचना को समस्त छात्रों की सूचनार्थ संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड करने की कृपा करें।
6. प्रशासनिक अधिकारी (कम्प्यूटर्स)

प्रतिलिपि निम्नांकित को भी सूचनार्थ प्रेषित है:–
1. निदेशक महोदय
2. कुलसचिव